N.12 : आरआरकेट में माह जुलाई, 2013 से दिसंबर 2013 तक की अवधि के दौरान हिन्दी के प्रचार–प्रसार से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार के क्षेत्र में किए गए कार्यों तथा प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नानुसार है :–

हिन्दी कार्यशाला का आयोजन : आरआरकेट में नए भर्ती किए गए अधिकारियों/कर्मचारियों में हिन्दी में कार्य करने की रूचि बढ़ाने की दृष्टि से दिनांक 8 जुलाई 2013 को एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संघ की राजभाषा नीति, हिन्दी वर्तनी का मानकीकरण, परमाणु ऊर्जा विभाग की गतिविधियाँ, हिन्दी पत्राचार तथा प्रशासनिक एवं लेखा शब्दावली विषयों पर क्रमश: श्री राम प्रकाश विश्वकर्मा, सुश्री साधना हेमराजानी, श्री अचलेश्वर सिंह, श्री वीरेन्द्र कुलकर्णी एवं श्री जय नारायण सोनी ने व्याख्यान दिया। इसी प्रकार आरआरकेट के प्रशिक्षु केटेगरी–1 एवं केटेगरी–2 तथा केन्द्र में नए भर्ती किए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिन्दी में कार्य करने की रूचि बढ़ाने की दृष्टि से दिनांक 18 दिसम्बर 2013 को एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संघ की राजभाषा नीति, परमाणु ऊर्जा विभाग की गतिविधियाँ, आचरण नियमावली, छुट्टी, एलटीसी, यूनिकोड के माध्यम से कम्प्यूटर में हिन्दी कार्य में सुगमता विषयों पर क्रमश : श्री कमलेश रंबाडिया, सहा. कार्मिक अधिकारी, श्री बी.एस. मुछाल, सहायक कार्मिक अधिकारी, श्री एस.डी. मीणा, सहायक कार्मिक अधिकारी तथा श्री मनोज शुक्ला ने व्याख्यान दिया। इस कार्यशाला में कुल 22 अधिकारी/कर्मचारी को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षित सभी कर्मचारियों से अपने रोजमर्रा के सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग करने का अनुरोध किया गया है।

प्रगति का विमोचन : केन्द्र की गृह पत्रिका के रजत जयंती विशेषांक (25वें अंक) का विमोचन दिनांक 26 जुलाई 2013 को पऊआ के अध्यक्ष एवं पऊवि के सचिव माननीय डॉ. रतन कुमार सिन्हा द्वारा आरआरकेट के दीक्षांत समारोह के अवसर पर किया गया।

अखिल भारतीय परमाणु ऊर्जा विभागीय कवि सम्मेलन का आयोजन : आरआरकेट की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से अखिल भारतीय परमाणु ऊर्जा विभागीय कवि सम्मेलन का आयोजन शनिवार 06 जुलाई 2013 को रात 7.30 बजे आरआरकेट परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बी.के. जेना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं अध्यक्ष, राभाकास तथा विशिष्ट अतिथि श्री के. रमेश, प्रशासनिक अधिकारी–III थे। स्थानीय कवियों में श्री राजेश कुमार सिंह, डॉ. मनोरंजन प्रसाद सिंह, श्री प्रदीप कांत, श्री प्रदीप मिश्र, रेलवे के श्री अशोक द्विवेदी, माण्डू से श्री पंकज चौधरी तथा परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई की विभिन्न इकाइयों से पधारे श्री राम प्रकाश विश्वकर्मा, श्रीअचलेश्वर सिंह, सुश्री साधना हेमराजानी, श्री वीरेन्द्र कुलकर्णी, एनपीसीआईएल रावतभाटा (कोटा) के श्री महावीर शर्मा तथा भारी पानी संयंत्र, मणुगुरू के श्री सैय्यद रजा ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन जीत लिया।

हिन्दी दिवस समारोह एवं हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन : आरआरकेट की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन सोमवार 16 सितंबर, 2013 को अपराह्न 3.00 बजे आरआरकेट के मुख्य सभागृह में किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वार्ताकार डॉ. प्रकाश कांत, प्रसिद्ध साहित्यकार, देवास थे। उन्होंने देश के विकास में राजभाषा हिन्दी का योगदान विषय पर वार्ता प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा मुख्य वार्ताकार ने केन्द्र की गृह–पत्रिका 'प्रगति' के 25वें रजत जयंती विशेषांक में प्रकाशित रचनाओं के रचनाकारों को सम्मानित किया। केन्द्र में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर, 2013 से 3 अक्तूबर 2013 के दौरान केन्द्र में कुल 13 हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन : राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय भारत सरकार 13 दिसंबर 2013 को इन्दौर में आयोजित संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में इस केन्द्र के श्री बी.के. जेना, अध्यक्ष, राभाकास एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, श्री बी.एस. मुछाल, सहायक कार्मिक अधिकारी तथा श्री मनोज कुमार शुक्ला, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने भाग लिया।

प्रस्तुति :
श्री मनोज कुमार शर्मा, उपनिदेशक (राजभाषा)
(manojsharma@rrcat.gov.in)